दिन–शनिवार दिनांक– 23/03/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित। सत्तासी दशमलव दो–एक प्रतिशत छात्र हुए उत्तीर्ण।

02. पटना के तुषार कुमार कला संकाय, सीवान के मृत्युंजय कुमार विज्ञान संकाय और शेखपुरा की प्रिया कुमारी वाणिज्य संकाय में बने टॉपर।

03. एनडीए के प्रमुख दल जदयू ने अपने कोटे की सोलह सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम किये तय। राजद ने अबतक बारह प्रत्याशियों को सिंबल प्रदान किये।

04. और, चुनाव आयोग की स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए तैयारी तेज। देशभर में दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज पटना में परिणाम जारी किया। पटना के तुषार कुमार ने कला संकाय में चार सौ बयासी अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, सीवान के मृत्युंजय कुमार ने विज्ञान में चार सौ इक्यासी नम्बर के साथ राज्यभर में पहला स्थान प्राप्त किया है और शेखपुरा की प्रिया कुमारी ने वाणिज्य में चार सौ अठ्हत्तर अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। श्री किशोर ने बताया कि इस बार परीक्षा का परिणाम का प्रतिशत सत्तासी दशमलव दो–एक प्रतिशत है।

———बाईट———

इधर, सारण की सिमरन गुप्ता और सीतामढ़ी के वरूण कुमार विज्ञान में संयुक्त रूप से दूसरे जबकि गोपालगंज के प्रिंस कुमार तीसरे स्थान पर रहे हैं। कला संकाय में पटना की निशी सिन्हा ने दूसरा और तन्नु कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, वाणिज्य संकाय में पटना के सौरभ कुमार ने दूसरा और प्रवीण कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इधर, बोर्ड अध्यक्ष ने कहा है कि इकतीस मार्च तक मैट्रिक परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया जाएगा।

———————————————————————

इंटमीडिएट परीक्षा में सीवान के मृत्युंजय कुमार ने राज्यभर में विज्ञान संकाय में पहला स्थान प्राप्त होने पर प्रसन्नता जतायी है।

---बाईट---

वहीं, शेखपुरा की प्रिया कुमारी ने वाणिज्य संकाय में चार सौ अठ्हत्तर अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है।

---बाईट---

---

उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा ने पार्टी छोड़ दी है। श्री कुशवाहा अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी कुशवाहा और अन्य समर्थकों के साथ आज जदयू में शामिल हो गये। पटना स्थित जदयू कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

---

इधर, प्राप्त जानकारी के अनुसार एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू ने अपने खाते में आई सभी सोलह सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर दिये हैं। पार्टी ने सीवान, सीतामढ़ी और किशनगंज लोकसभा क्षेत्रों से नये चेहरों पर भरोसा जताने का इरादा स्पष्ट कर दिया है। सीवान से विजय लक्ष्मी कुशवाहा को टिकट मिलने की प्रबल संभावना से मौजूदा सांसद कविता सिंह का टिकट कटना तय है। वहीं, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिन्टू की जगह विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाने का मन बनाया है। किशनगंज से मुजाहिद आलम पार्टी प्रत्याशी होंगे। इसके अलावा जहानाबाद से चन्द्रेश्वर चंद्रवंशी, नालंदा से कौशलेन्द्र कुमार, मुंगेर से राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, भागलपुर से अजय कुमार मंडल और बांका से गिरधारी यादव को उम्मीदवार बनाये जाने के स्पष्ट संकेत हैं। गोपालगंज से डॉक्टर आलोक कुमार सुमन, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, कटिहार से दुलाल चन्द्र गोस्वामी, मधेपुरा से दिनेश चन्द्र यादव, पूर्णियां से संतोष कुशवाहा, सुपौल से दिलेश्वर कामत और वाल्मीकिनगर से सुनील कुशवाहा जदयू प्रत्याशी होंगे। इन सभी लोगों ने आज जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इधर, काराकाट सीट उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को मिलने से मौजूदा सांसद महाबली सिंह का टिकट भी कट गया है।

---

भाजपा के भी कई मौजूदा सांसदों का टिकट कटने या संसदीय क्षेत्र बदलने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। शिवहर की सीट जदयू के खाते में गयी है, जहां से जदयू ने लवली आनंद को टिकट देने का निर्णय कर लिया है। जिसके कारण शिवहर से बीजेपी की मौजूदा सांसद रमा देवी का टिकट कटना तय है। वहीं, गया सीट से हम प्रमुख जीतनराम मांझी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद मौजूदा भाजपा सांसद हरि मांझी का टिकट कट गया है।

———————————————————————

महागठबंधन के दलों के बीच सीटों का बंटवारा तय नहीं हुआ है। इसके बावजूद राजद ने अपने कई उम्मीदवारों को सिंबल दे दिये हैं। पहले चरण की चार सीटों औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही पांच अन्य उम्मीदवारों को भी पार्टी ने सिंबल दे दिये। इधर, आज सारण सीट से रोहणी आचार्य, बांका सीट से जयप्रकाश नारायण यादव और महाराजगंज सीट से रणधीर सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ उन्हें पार्टी का सिंबल दे दिया गया। राजद ने अबतक बारह उम्मीदवारों को सिंबल प्रदान कर दिया है। इधर, महागठबंधन में शामिल वाम दलों, सीपीआई और सीपीएम ने भी दो सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिये हैं। सीपीआई के प्रमुख डी.राजा की अध्यक्षता में हुयी बैठक में पार्टी ने बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से अवधेश राय को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, सीपीएम ने खगड़िया सीट से संजय कुमार को पार्टी प्रत्याशी बनाने का फैसला किया है।

———————————————————————

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने आज घोषणा की कि वे इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी। पांच बार की सांसद श्रीमती कुमार ने संसद में सासाराम निर्वाचन क्षेत्र का अनेक बार प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने सोशन मीडिया हेंडल से चुनाव नहीं लड़ने के निर्णय की घोषणा की। माना जा रहा है कि श्रीमती मीरा कुमार बिहार में विपक्षी गठबंधन के बीच सीटों के बटवारे की मौजूदा स्थिति से खुश नहीं थी।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव में अठारह से उन्नीस वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ अस्सी लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। चुनाव आयोग पहली बार मत देने वाले

युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'आई वोट फॉर श्योर' जैसे कई सोशल मीडिया अभियान चला रहा है। एक रिपोर्ट..

---रिपोर्ट---

---

निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। ये पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे।

---बाईट---

इन पर्यवेक्षक की प्राथमिकता चुनाव प्रक्रिया के दौरान जबरदस्ती प्रलोभन या धमकी की किसी भी घटना को रोकना है। यह सुरक्षा बलों की तैनाती की निगरानी करेंगे और उनकी रेंडमाइजेशन भी सुनिश्चित करेंगे। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए उन्हें कर्मियों के साथ–साथ मशीनों के रेंडमाइजेशन की जिम्मेदारी भी सौंप गई है। इन पर्यवेक्षकों को निर्धारित संसदीय क्षेत्र में रहना होगा और इन्हें मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे चुनाव के दौरान संभावित चुनौतियों या मुद्दों का आकलन और समाधान करने में मदद मिलेगी। चुनावी प्रक्रिया को प्रभावी बनाने की दिशा में पर्यवेक्षक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के साथ बैठक भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए दुर्गेश भदोरिया।

---

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे कटिहार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

---रिपोर्ट---

कटिहार संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

---बाईट---

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि कटिहार नगर निगम द्वारा नगर थाने में एक सौ दस व्यावसायिक और निजी प्रतिष्ठानों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया है।

---बाइट---

मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के बीच मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

---बाइट---

सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

---

जहानाबाद जिले में निर्वाचन आईकॉन अमित कुमार और अजीत कुमार के द्वारा स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत महाविद्यालय और ग्रामीण स्तर पर कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---

गया जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जीविका दीदियों ने हाथों में मेहंदी रचाकर मतदाताओं को जागरूक किया।

---

बेगूसराय जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सक्रिट हाउस से गांधी स्टेडियम तक रन फॉर वोट का आयोजन किया गया।

---

किशनगंज जिले में आगामी लोकसभा चुनाव और होली पर्व को लेकर जिले की विभिन्न चेक पोस्ट पर चौकसी बढ़ा दी गई है।

---

सुपौल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर कोषागार कार्यालय में चौबीसों घंटे काम करने मानक आधार पर कॉल सेंटर की स्थापना की गयी है।

---

पटना मौसम विज्ञान केन्द्र को मौसम संबंधित सटीक और सही समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए वर्ष दो हजार तेईस का सर्वश्रेष्ठ केन्द्र का पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया। पटना मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक आशीष कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार........... एक बार फिर

01. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित। सत्तासी दशमलव दो–एक प्रतिशत छात्र हुए उत्तीर्ण।
02. पटना के तुषार कुमार कला संकाय, सीवान के मृत्युंजय कुमार विज्ञान संकाय और शेखपुरा की प्रिया कुमारी वाणिज्य संकाय में बने टॉपर।
03. एनडीए के प्रमुख दल जदयू ने अपने कोटे की सोलह सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम किये तय। राजद ने अबतक बारह प्रत्याशियों को सिंबल प्रदान किये।
04. और, चुनाव आयोग की स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए तैयारी तेज। देशभर में दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।